# 28 स्थिति प्रतिक्रिया परीक्षा
## (Situation Reaction Test)

यह जाँच मुख्यतः उम्मीदवार के Presence of mind को जाँचने के लिए है कि वह दिए गए परिस्थिति में किस प्रकार प्रतिक्रिया करता है। अतः उम्मीदवार से यह आशा की जाती है कि वह सबसे बेहतर विकल्प का चुनाव करे ताकि उसे एक अच्छे और कुशल व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

### साधित उदाहरण

1. आपके विद्यालय में सुनामि पीड़ित की सहायता के लिए दान शिविर लगा हुआ है। आप क्या करेंगे?
   (1) आप अपने दोस्तों को दान देने के लिए प्रेरित करेंगे।
   (2) आप दान देंगे।
   (3) आपको इस पर विश्वास नहीं है और आप दान नहीं देंगे।
   (4) आपको इस पर विश्वास नहीं है लेकिन आप दूसरे को दान देने के लिए प्रेरित करेंगे।

उत्तर (2) : एक आदर्श विद्यार्थी होने के नाते आपको दान देना चाहिए क्योंकि आपके द्वारा दिया गया दान सुनामी पीड़ित लोगों की सहायता प्रदान करेगा।

2. आप मंदिर में पूजा करने गए हैं तभी आप देखते हैं एक युवक मंदिर के पास स्कूटर लगाकर वहाँ से तेजी से चला जाता है तब आप क्या करेंगे?
   (1) आप उसका पीछा करेंगे।
   (2) आप नजदीक के टेलीफोन बुथ से पुलिस को खबर करेंगे।
   (3) आप उस युवक को बुलाएँगे।
   (4) आप उस पर ध्यान नहीं देंगे।

उत्तर (2) : एक आदर्श नागरिक होने के नाते आपका दायित्व बनता है कि आप सर्वप्रथम इसकी सूचना पुलिस को दें।

3. आप रेस्तरां में कॉफी पीते हुए अपने मित्र के साथ गप-शप कर रहे थे। अचानक आपने कहीं बहुत पास ही विस्फोट की प्रचंड आवाज सुनी। आप.....
   (1) उछल पड़ेगें और अपने मित्र को कस कर पकड़ लेंगें।
   (2) आवाज की तरफ से अपना ध्यान बंटाकर सब कुछ बहुत अच्छा हो, इसके लिए दुआ करेंगें।
   (3) आवाज कहां से आयी इसका पता लगाना शुरू करेंगें।
   (4) मदद के लिए चिल्लाना शुरू करेंगें।

उत्तर (3)

### अभ्यास–1

1. आपके विद्यालय में रक्त दान शिविर लगा हुआ है तब आप क्या करेंगे?
   (1) आप अपने दोस्तों को रक्त देने के लिए प्रेरित करेंगे।
   (2) आप रक्त दान करेंगे।
   (3) आपको इस पर विश्वास नहीं है और आप रक्त दान नहीं करेंगे।
   (4) आपको इस पर विश्वास नहीं है लेकिन आप दूसरे को प्रेरित करेंगे।

2. आप पार्क में बैठे हुए हैं तभी आप देखते हैं कि एक युवक पार्क के पास स्कूटर खड़ा कर वहाँ से तेजी से निकल रहा है तब आप क्या करेंगे?
   (1) आप उसका पीछा करेंगे।
   (2) आप नजदीक के टेलीफोन बुथ से पुलिस को इसकी सूचना देंगे।
   (3) आप उस युवक को बुलाएँगे।
   (4) आप उस पर ध्यान नहीं देंगे।

3. आप अपने दोस्त के घर पर तास खेल रहे हैं तभी आपके दोस्त से गलती से बिजली का तार पकड़ा जाता है। तब आप क्या करेंगे?
   (1) आप उसका हाथ पकड़ कर अलग करने की कोशिश करेंगे।
   (2) आप तार को पकड़ कर छुड़ाने का कोशिश करेंगे।
   (3) आप चिल्लाकर लोगों को बुलाएँगे।
   (4) आप लकड़ी के डण्डा से तार छुड़ाने को की कोशिश करेंगे।

4. आपके नए बॉस बने हैं तब.........
   (1) आप अलग सामान्य रहेंगे।
   (2) आप गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत करेंगे।
   (3) आप उनका चमचागिरी करेंगे ताकि वे भविष्य में आपका मदद करे।
   (4) आपको सामंजस्य बैठाने में मुश्किल हो रही है क्योंकि आप अभी भी पुराने बॉस के प्रति बफादार हैं।

5. आप एक समारोह में गये हुए हैं अचानक ही वेटर ने आपके बॉस के शरीर पर गर्म सूप गिरा देता है उस समय आप क्या करेंगे?
   (1) आप जोर-जोर से वेटर को डाँटने लगेंगे।
   (2) आप प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करेंगे और उनको हॉस्पिटल ले जाने का प्रबंध करेंगे।
   (3) आप वेटर को साफ करने के लिए कहेंगे।
   (4) आप पानी लेकर उनके शरीर पर डाल देंगे।

6. आप पार्क में क्रिकेट खेल रहे हैं। आप बॉल को मारते हैं तो वह पड़ोस के मकान के खिड़की का शीशा तोड़ देता है तब आप क्या करेंगे?
   (1) जाकर मकान मालिक से बॉल माँगेंगे।
   (2) जाकर गलती मान लेंगे।
   (3) जाकर चुपके से बॉल को उठा लाएँगे।
   (4) जाकर माँफी माँग कर उसकी क्षति की पूर्त्ति करेंगे।

7. आप एक नदी के पास से गुजर रहे हैं और आप तैरना जानते हैं अचानक ही एक बच्चे के डूबने की आवाज आती है तब आप क्या करेंगे?
   (1) आप कुशल तैराक के आने का इंतजार करेंगे।
   (2) आप बच्चे को बचाने के लिए कूद पड़ेंगे।
   (3) आप चिल्ला कर लोगों को इकट्ठा करेंगे।
   (4) आप बच्चे के माता-पिता के पास जाकर विचार-विमर्श करेंगे।
   *[MPPSC PT 2013]*

8. दीपावली के समय पटाखा जलाते समय एक बच्चे का हाथ जल जाता है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप बच्चे का हाथ लेकर पानी में डुबाएँगे।
(2) हाथ को डिटॉल से धो देंगे।
(3) डॉक्टर को बुलाने के लिए कहेंगे।
(4) जले हुए जगह पर दवाई लगाएँगे।

9. जब आप दफ्तर से निकलकर घर जा रहे हैं तभी आप देखते हैं कुछ लोग मिलकर एक लड़के को बुरी तरह पीट रहे हैं तब आप क्या करेंगे?
(1) उनलोगों के साथ मिलकर आप भी लड़का की पिटाई करना शुरू कर देंगे।
(2) आप बिना ध्यान दिए हुए आगे बढ़ जाँयेंगे।
(3) आप उन्हें रोकने की कोशिश करेंगे।
(4) आप दूसरे लोगों को रोकने की कोशिश करने के लिए कहेंगे।

10. आप ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, तभी आप पाते हैं कि आपके बर्थ के नीचे एक सुटकेश रखा हुआ है तब आप क्या करेंगे?
(1) रेल पुलिस को इसकी सूचना देंगे।
(2) सुटकेश को खोलकर देखेंगे।
(3) सुटकेश के मालिक का पता लगाने की कोशिश करेंगे।
(4) आप उस पर ध्यान नहीं देंगे।

11. आप मुहल्ला में टहल रहे हैं तभी अचानक 500 रुपया का नोट जमीन पर गिरा हुआ मिलता है तब आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी?
(1) आप उसको उठा कर अपने पास रख लेंगे।
(2) आप उसको वहीं पर छोड़ देंगे।
(3) आप उस पैसे को भिखारी को दे देंगे।
(4) आप इसको पुलिस स्टेशन में जाकर जमा कर देंगे।

12. आप प्लेटफार्म पर खड़े हैं सामने से ट्रेन आ रही है तभी अचानक आप देखते हैं कि रेलवे का ट्रैक टुटा हुआ है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप वहाँ से भाग जाएँगे।
(2) आप इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को देंगे।
(3) आप ट्रेन को तुरंत रोकने की कोशिश करेंगे।
(4) आप इस पर ध्यान नहीं देंगे।

13. आप एक हॉस्टल में रहते हैं आपको खाना में बहुत ज्यादा कंकड़-पत्थर मिल रहा है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप कंकड-पत्थर को निकालकर खा लेंगे।
(2) आप हॉस्टल के प्रबंधक से शिकायत करेंगे।
(3) आप अच्छा खाना बनाने के लिए कहेंगे।
(4) आप अपना खाना अपने रूम में बनाना शुरू कर देंगे।

14. आपका परिवार आपके अंकल के घर जा रहा है। आप अंकल को पसंद नहीं करते हैं तब आप क्या करेंगे?
(1) आप घर पर ही रहेंगे।
(2) आप अंकल के घर जाएँगे लेकिन घर के बाहर ही रहेंगे।
(3) आप आराम से उनके घर जाएँगे।
(4) आप अपने भाई-बहन को भी वहाँ नहीं जाने के लिए कहेंगे।

15. आपकी नौकरानी अपनी बेटी की शादी में आपको बुलाई है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप उसके आमंत्रण को अनदेखा कर देंगे।
(2) आप शादी में शरीक होंगे।
(3) आप उसकी लड़की के लिए उपहार खरीदेंगे।
(4) आप कोई न कोई बहाना बनाकर उसकी शादी में शरीक नहीं होंगे।

16. आपका दोस्त धूम्रपान करना पसंद करता है और आपको भी करने के लिए दबाव डाल रहा है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप तभी धूम्रपान करेंगे जब वह करेगा।
(2) आप उसको मना कर देंगे।
(3) आप उसकी उपस्थिति में ही धूम्रपान करेंगे।
(4) आप उसको मना कर देंगे और कहेंगे कि आपको दमा का शिकायत है।

17. आप परीक्षा भवन में पाते हैं कि प्रश्न बहुत ही कठिन है और आपको उसका उत्तर देने में कठिनाई हो रही है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप इसकी शिकायत करेंगे।
(2) आप सभी विद्यार्थियों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए कहेंगे।
(3) आप बैठ कर अपने पास वाले विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे।
(4) आप शान्त भाव से प्रश्न का उत्तर देने की कोशिश करेंगे।

18. अगर आप क्रोधित होते हैं तब आप क्या करते हैं?
(1) सामान को उठा कर फेंकने लगते हैं।
(2) आप जोर-जोर से चिल्लाने लगते हैं।
(3) आप वहाँ से हट कर दूसरे कार्य करने लगते हैं।
(4) इनमें से कोई नहीं

19. आप अपने दोस्तों के साथ पार्टी में गए हुए हैं तभी आप देखते हैं कि आपके दोस्त के कोट में आग लग गयी है, तब आप क्या करेंगे?
(1) आप दोस्त को देखने के लिए कहेंगे।
(2) आप दौड़कर उसकी माँ को बुला कर लायेंगे।
(3) आप दौड़कर अपने दोस्त के शरीर पर पानी डाल देंगे।
(4) इनमें से कोई नहीं

20. आप देखते हैं कि एक अंधा आदमी सड़क पार करने की कोशिश कर रहा है तब आप क्या करेंगे।
(1) आप किसी को मदद करने के लिए कहेंगे।
(2) आप जाकर उसकी मदद करेंगे।
(3) आप उसको सड़क पार करते हुए देखेंगे।
(4) आप उस पर बिना ध्यान दिए हुए आगे बढ़ जाएँगे।

21. आपके साक्षात्कार के एक दिन पहले आपका दोस्त आपके पास आता है और कहता है कि साक्षात्कार लेने वाला व्यक्ति बहुत ही कठोर है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप तैयारी करना छोड़ देंगे।
(2) आप दूसरे चीज की तैयारी करना शुरू कर देंगे।
(3) आप भगवान से प्रार्थना करेंगे कि आपसे केवल आसान प्रश्न पूछे जायँ।
(4) आप निश्चिन्त होकर साक्षात्कार देने जाएँगे, क्योंकि आपको अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा है।

22. आप कार से जा रहे हैं तभी अचानक एक व्यक्ति आपके गाड़ी के सामने आकर आपकी गाड़ी को रोकता है और एक घायल बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए कहता है तब आप क्या करेंगे?
(1) आप उस व्यक्ति को रास्ते से हट जाने के लिए कहेंगे।
(2) आप उस व्यक्ति को पुलिस को बुलाने के लिए कहेंगे।
(3) आप तुरंत उस बच्चे को लेकर अस्पताल चले जाएँगे।
(4) आप दूसरे लोगों की मदद करने के लिए कहेंगे।

**23.** यदि आपका दोस्त आपसे कुछ रुपया उधार माँगता है तब आप क्या करेंगे ?
(1) आप देने से इनकार कर देंगे।
(2) आप उसका कारण पूछेंगे।
(3) आप उससे बिना कारण पूछे तुरंत रुपया दे देंगे।
(4) इनमें से कोई नहीं

**24.** बस में आपको एक पर्श मिलता है तब आप क्या करेंगे ?
(1) आप उसमें के सारे पैसा को भिखारी को दे देंगे।
(2) आप पर्श को बस कंडक्टर को दे देंगे।
(3) आप पर्श वाले व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश करेंगे।
(4) आप उसको वहीं छोड़ देंगे।

**25.** आपका दोस्त आपको अपनी शादी में नहीं बुलाया। तब आप क्या करेंगे ?
(1) आप उसका विरोध करेंगे।
(2) आप शादी में शामिल होंगे।
(3) आप उसको बधाई संदेश भेज देंगे।
(4) आप इस मामला को नजरअंदाज कर देंगे।

**26.** आप एक कंपनी के मालिक है। आपका एक कर्मचारी ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहा है। तब ....
(1) आप उस पर गुस्सा करेंगे।
(2) आप उसको ठीक ढंग से कार्य करने के लिए कुछ समय देंगे।
(3) आप उसको दूसरे काम में लगाएगें।
(4) आप उसकी समस्याएँ के बारे में बात करेंगे।

**27.** आप दशहरा मेला घूमने गये है तभी एक बच्चा अपने परिजन से बिछड़ गया है और रो रहा है, तब ......
(1) आप उसको नजर अंदाज कर आगे बढ़ जायेंगे।
(2) आप उस बच्चे से उसके परिजन के बारे में पूछेंगे।
(3) आप उस बच्चे को चुप करायेंगे और उसके परिजन के आने का इंतजार करेंगे।
(4) आप मेला नियंत्रण कक्ष में जाकर बच्चे की खोने की सूचना का प्रचार करवायेंगे।

**28.** समान खरीदते समय दूकानदार आपको गलती से 100 रुपया अधिक लौटा देता है तब .....
(1) आप अपने दोस्त को पाटी देंगे।
(2) आप उसमें से 20 रुपया दान में देंगे।
(3) आप दुबारा समान खरीदने जायेंगे ताकि दूकानदार फिर गलती से 100 रुपया अधिक लौटा दे।
(4) आप दूकानदार को पैसा लौटा देंगे।

**29.** आप ट्रेन से यात्रा कर रहे है। तभी आप देखते हैं की एक व्यक्ति ट्रेन से बाहर गिर गया। तब .....
(1) आप ट्रेन को रोकने के लिए चेनपुल करेंगे ताकि उस व्यक्ति की मदद कर सके।
(2) आप उधर ध्यान नहीं देंगे।
(3) आप उसकी मदद के लिए चलती ट्रेन से बाहर कुद पड़ेंगे।
(4) आप ट्रेन को अगले स्टेशन तक रूकने का इंतजार करेंगे।

**30.** आपके सामने एक ऐसा मामला आया है जिसमें कोई वृद्ध बीमार स्त्री अपना जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है और इस वजह से अपने उपचार के खर्चों को पूरा करने हेतु पेंशन का दावा करने में असमर्थ है। आप मामलों पर कार्यवाही करने के बारे में अपने उच्चाधिकारियों के कार्यविधिक उपागम को जानते हुए.....
(1) कार्यविधियों के अनुसार ही चलेंगे।
(2) वैकल्पिक दस्तावेजों का इंतजाम कर, उस स्त्री की मदद करने की पहल करेंगे।
(3) अपने स्वयं के स्तर पर उस स्त्री की कुछ धन द्वारा सहायता करेंगे किन्तु कार्य विधि से कोई समझौता नहीं करेंगे।
(4) कुछ कार्यविधिक चरणों को नजर अंदाज कर देंगे, क्योंकि आप उस स्त्री की आवश्यकता को समझते है।

**31.** आपको विद्यालय जाने के लिए देर हो रहा है और कोई भी वाहन मौजूद नहीं है। तब ऐसी परिस्थिति में ....
(1) आप पैदल चलना शुरू करेंगे।
(2) आप विद्यालय जाना छोड़कर घर की तरफ लौट आयेंगे।
(3) आप विद्यालय जाने के लिए अन्य साधन का तलाश करेंगे।
(4) आप धैर्य के साथ बस का इंतजार करेंगे।

**32.** आपका सहकर्मी आपके शरीर पर ठण्डा पेय पदार्थ गिरा देता है तब ......
(1) आप भी उसके शरीर पर ठण्डा पेय पदार्थ गिरा देते हैं।
(2) आप शान्त रहते हैं।
(3) आप उस पर गुस्सा करते हैं।
(4) इनमें से कोई नहीं।

**33.** आप जैसे ही रेलवे स्टेशन पर पहुँचते हैं जो ट्रेन आपको पकड़नी है वह खुल चुकी है, और आपके पास टिकट खरीदने के लिए समय नहीं है तब ........
(1) आप टी० टी० ई. के पास पहुँच कर उसको वस्तु स्थिति के बारे में बतायेंगे और कहेंगे की अगले स्टेशन पर पहुँच कर टिकट ले लेंगे।
(2) आप दौड़ कर ट्रेन में जाकर बैठ जायेंगे।
(3) आप पहले टिकट लेंगे उसके बाद जाकर ट्रेन में बैठेंगे।
(4) आप चलती ट्रेन को देखकर अपनी यात्रा स्यगित कर देंगे।

**34.** आपका दोस्त, आपको अपने घर पर रात्रि भोज (dinner) के लिए आमंत्रित किया हुआ है। आप पूरा खाना खा चुके है, और आपका दोस्त और रोटी लेने के लिए आग्रह कर रहा है, तब ......
(1) आप रूखे ढंग से मना कर देंगे।
(2) आप रोटी ले लेंगे।
(3) आप नम्रता से कहेंगे की मेरा पेट भर चुका है और अब मैं नहीं खा सकता हूँ।
(4) आप बुरा-सा चेहरा बना लेंगे।

**35.** मार्केटिंग से संबंधित कार्य करने हेतू एक व्यक्ति में होना चाहिए।
(1) एक अच्छा स्त्रोता
(2) द्रुत गती से निर्णय लेने वाला
(3) विन्रम और आज्ञाकारी
(4) समयनिष्ठ

**36.** वह व्यक्ति जो किसी संगठन के ऑफिस का प्रबंध संचालक है, को होना चाहिए।
(1) नेतृत्वकर्त्ता (2) प्रतिभाशाली
(3) धैर्यवान (4) अनुशासनात्मक

**37.** आप
(1) दिन में कठिन परिश्रम कर सकते हैं, परन्तु रात्रि में नहीं
(2) यदि आवश्यकता हो, तो अतिरिक्त घंटा कार्य करने में संकोच नहीं करते हैं।
(3) सवेरे जागते है, और सवेरे सोते हैं।
(4) यदि देर रात तक कार्य करते हैं तो थकान महसूस करते हैं।

**38.** एक महत्वपूर्ण आधिकारिक बैठक में उपस्थित न होने के कारण आपसे इसका स्पष्टीकरण माँगा गया है। आपका/की आसन्न अधिकारी जिसने आपको इस बैठक की जानकारी नहीं थी अब आप पर यह दबाव डाल रहा/रही है कि आप इसका दोष उस पर नही डालें। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) तथ्य की व्याख्या करते हुए अपना लिखित उत्तर भेजेंगे।
(2) अपने सर्वोचय अधिकारी को स्थिति से अवगत कराने के लिए उससे भेंट का समय लेंगे।
(3) स्थिति को सँभालने के लिए अपना दोष स्वीकार करेंगे।
(4) बैठक के समन्वयक पर इसका दायित्व डाल देंगे कि उसने बैठक की जानकारी नहीं दी। *[UPSC-CSAT 2011]*

**39.** एक स्थानीय गुंडे ने आपकी खाली पड़ी जमीन पर अवैध निर्माण आरंभ कर दिया है। उसने जमीन खाली करने का आपका अनुरोध ठुकरा दिया है और आपको यह धमकी दे डाली है कि यदि आपने अपनी जमीन सस्ते दामों पर उसे नहीं बेची तो आपको भीषण परिणामों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) अपनी जमीन सस्ते दामों पर उसे बेच देंगे।
(2) आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस के पास जाएंगे।
(3) अपने पड़ोसियों से मदद मांगेंगे।
(4) उस गुंडे से और अधिक कीमत पाने के लिए उससे बातचीत करेंगे। *[UPSC-CSAT 2011]*

**40.** अगले दो दिनों में अपने मुख्यालय के लिए आपको एक अति महत्वपूर्ण कार्य पूरा करना है। अचानक ही आप दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। आपका कार्यालय आप पर यह जोर डाल रहा है कि आप कार्य को पूरा करें। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) काम पूरा करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की अनुमति मांगेंगे।
(2) अपने मुख्यालय को सूचित करेंगे कि आप समय से कार्य पूरा कर पाने मे असमर्थ हैं।
(3) अपने मुख्यालय को एक वैकल्पिक व्यक्ति का नाम सुझाएंगे जो कार्य पूरा कर सकता है।
(4) ठीक होने तक अलग बने रहेंगे। *[UPSC-CSAT 2011]*

**41.** किसी एक भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भूकंप के बाद जीवित बचे लोगों को मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपको प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। आपकी हर संभव कोशिश के बावजूद, लोग आपके ऊपर यह आरोप लगा रहे हैं कि आप राहत के लिए दी गई राशि से पैसे बना रहे हैं। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) आप चाहेंगे कि इस संबंध में जाँच-पड़ताल प्रारंभ की जाए
(2) अपने वरिष्ठ अधिकारी से निवेदन करेंगे कि वे आपके स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति को नियुक्त कर दें।
(3) इन आरोपों पर कोई ध्यान नहीं देंगे।
(4) जब तक मामला सुलझ नहीं जाता कार्य में आगे कोई पहल नहीं करेंगे। *[UPSC-CSAT 2011]*

**42.** एक बाढ़-पीड़ित क्षेत्र में आपको अल्प सूचना पर नौकाएं भाड़े पर लेने का दायित्व दिया गया है। नौका-मालिकों द्वारा बतायी गयी कीमतों को देखने पर आप पाते हैं कि न्यूनतम कीमत सरकार की अनुमोदित दर से लगभग तीन गुना अधिक है। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) उनके प्रस्ताव को रद्द कर नई कीमतें मँगवाएंगे।
(2) न्यूनतम कीमत को स्वीकार कर लेंगे।
(3) मामले को सरकार के पास भेज देंगे और प्रतीक्षा करेंगे।
(4) नौका-मालिकों को धमकी देंगे कि उनका लाइसेंस रद्द हो सकता है। *[UPSC-CSAT 2011]*

**43.** एक अकेले महामारी-पीड़ित गाँव में आप रोग-निरोधक टीके का वितरण कराने वाले प्रभारी अधिकारी हैं और आपके पास केवल एक ही रोग-निरोधक टीका बचा हुआ है। इस टीके की ग्राम-प्रधान को और उसी गाँव के एक निर्धन को भी जरूरत है। आप पर यह दबाव बना हुआ है कि आप यह टीका ग्राम-प्रधान को दे दें। ऐसे में आप क्या करेंगे।
(1) दोनों को ही टीका न देकर आप टीके की अगली खेप की पूर्ति शीघ्र-अतिशीघ्र प्राप्त करने के लिए अनिवार्य कार्यवाही शुरू कर देंगे।
(2) किसी दूसरे क्षेत्र के वितरक से गांव के उस निर्धन के लिए टीके की व्यवस्था करेंगे।
(3) दोनों को कहेंगे कि डॉक्टर से मिलें और टीके की अत्यावश्यकता के बारे में उसकी सलाह लेकर आएं।
(4) किसी दूसरे क्षेत्र के वितरक से ग्राम प्रधान के लिए टीकें की व्यवस्था करेंगे। *[UPSC-CSAT 2011]*

**44.** आपने, शीत ऋतु में बेघर लोगों के लिए रैन-बसेरे बनाने की एक परियोजना अपने हाथों में ली है। इन रैन-बसेरों को स्थापित करने के लिए एक सप्ताह के भीतर ही, आपको उस क्षेत्र के निवासियों से चोरियों के मामले बढ़ने की शिकायतों के साथ यह माँग प्राप्त हुई कि रैन-बसेरे हटा दिए जाएं। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) आप निवासियों से कहेंगे कि वे इस मामले में पुलिस स्टेशन पर अपनी लिखित शिकायत दर्ज करें।
(2) आप निवासियों को यह विश्वास दिलाएंगे कि मामले की जाँच-पड़ताल की जाएगी।
(3) आप निवासियों से कहेंगे कि वे किए गए मानवतावादी प्रयास को समझें।
(4) आप निवासियों की शिकायत को अनदेखा कर परियोजना को जारी रखेंगे। *[UPSC-CSAT 2011]*

**45.** एक प्रभावशाली व्यक्ति की पुत्रवधू आपके पास, आपके प्रशासनिक प्राधिकारी होने के नाते, यह शिकायत लेकर आती है कि उसके ससुराल वाले उसे अपर्याप्त दहेज के लिए तंग कर रहे हैं। उसके माता-पिता सामाजिक दबावों के कारण आपके पास नहीं आ पा रहें हैं। ऐसे में आप क्या करेंगे?
(1) आप उसके ससुराल वालों को बुलाकर उनसे स्पष्टीकरण माँगेंगे।
(2) आप उस स्त्री को यह सलाह देंगे कि परिस्थितियों को देखते हुए बेहतर होगा कि वह स्थिति से समझौता कर ले।
(3) आप उस स्त्री को यह सलाह देंगे कि पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज करे।
(4) आप उस स्त्री को यह सलाह देंगे कि पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज करे। *[UPSC-CSAT 2011]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (2) | 3. (4) | 4. (2) | 5. (4) | 6. (4) |
| 7. (2) | 8. (1) | 9. (3) | 10. (1) | 11. (4) | 12. (3) |
| 13. (2) | 14. (3) | 15. (3) | 16. (2) | 17. (4) | 18. (3) |
| 19. (3) | 20. (2) | 21. (4) | 22. (3) | 23. (2) | 24. (3) |
| 25. (3) | 26 (4) | 27. (4) | 28. (4) | 29. (1) | 30. (3) |
| 31. (3) | 32. (2) | 33. (1) | 34. (3) | 35. (4) | 36. (1) |
| 37. (2) | 38. (2) | 39. (2) | 40. (3) | 41. (1) | 42. (2) |
| 43. (3) | 44. (2) | 45. (4) | | | |

★★★